**Regarding welfare measures for farmers undertaking organic farming-Laid**

**श्री दर्शन सिंह चौधरी (होशंगाबाद) :** गौ आधारित प्राकृतिक कृषि से मिलने वाले विष मुक्त प्राकृतिक अनाज के उचित दाम किसानों को मिले इसके लिए सरकार ने क्या योजना बनाई है । साथ में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को लाभ पहुँचाने के लिए सरकार ने कौन-कौन कदम उठाए हैं एवं आगामी योजना क्या है? क्या सरकार की विष मुक्त प्राकृतिक खेती करने एवं कृषकों को प्रशिक्षित करने की कोई योजना है?